# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,

# झाँसी

## कार्य परिषद् की आपात बैठक

## दिनांक 02.02.2021

## की कार्यवाही

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

दिनांक 02.02.2021 को अपराह्न 1:00 बजे आयोजित कार्यपरिषद की आपात बैठक की कार्यवाही–

उपस्थिति–

1. प्रो0 जे0 वी0 वैशम्पायन – कुलपति / अध्यक्ष
2. प्रो0 एम0एम0सिंह , – सदस्य
3. डा0 नीलम कुमार सिंह – सदस्य
4. प्रो0 देवेश निगम – सदस्य
5. प्रो0 सुनील काबिया – सदस्य
6. डा0 आलोक वर्मा – सदस्य
7. डा0 पुनीत बिसारिया – सदस्य
8. डा0 अचला पाण्डेय – सदस्य
9. श्री अनिल कुमार दीक्षित – वित्त अधिकारी
10. श्री नारायण प्रसाद – कुलसचिव / सचिव

कार्यवाही–

कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए शासन के निर्देशों एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये बैठक प्रारम्भ हुई।

सर्वप्रथम डा. महेन्द्र सिंह, डा. वी. के. सिंह का कार्यकाल समाप्त होने पर उनका आभार व्यक्त किया गया तथा नवनियुक्त सदस्य डा. अचला पाण्डेय एवं डा. आलोक वर्मा का स्वागत किया गया।

इसके उपरान्त परिषद् में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा हुई–

**01(i). दिनांक 05.02.2021 को आयोजित होने वाले 25वें दीक्षान्त समारोह के सम्बन्ध में चर्चा ।**

दिनांक 05.02.2021 को आयोजित होने वाले 25वें दीक्षान्त समारोह के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए अध्यक्ष द्वारा परिषद को अवगत कराया कि दिनांक 05.02.2021 को माननीया कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के 25वें दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता हेतु कृपापूर्ण अनुमति मिलने के उपरान्त विश्वविद्यालय परिवार विश्वविद्यालय परिसर में उनके आगमन पर गौरवान्वित अनुभव कर रहा है तथा दीक्षान्त समारोह का आयोजन किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा तैयारियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त यह भी हर्ष का विषय है कि प्रो. अविनाश चन्द्र पाण्डेय, निदेशक, अन्तर्विश्वविद्यालयी त्वरक केन्द्र, नई दिल्ली एवं पूर्व कुलपति, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण, रजत एवं कास्य पदकों के साथ विभिन्न संस्थाओं / व्यक्तियों द्वारा अनुदानित विन्यासीकृत पदक एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के साथ–साथ 2019–20 में उक्त पदक पाने वाले अभ्यर्थियों की श्रेष्ठता सूची एवं विभिन्न संकाय / विषयों में विद्या वाचस्पति की उपाधि के योग्य घोषित किये गये शोधार्थियों की निर्गत अधिसूचनाऐं (विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–बु.वि. / शोध / 2019 / 5102–5117 दिनांक 31.12.2019, पत्र संख्या–बु.वि. / शोध / 2020 / 3591 दिनांक 17.02.2020 पत्र संख्या – बु0वि0 / शोध / 2020 / 5213–5225 दिनांक 12.03.2020, पत्र संख्या–बु0वि0 / शोध / 2020 / 3598 दिनांक 19.03.2020 पत्र संख्या –बु0वि0 / शोध / 2020 / 5274–86 दिनांक 10.08.2020, पत्र संख्या– बु0वि0 / शोध / 2020 / 16939–50 दिनांक

10.09.2020, पत्र संख्या –बु0वि0 / शोध / 2020 / 5383–5397 दिनांक 10.10.2020, पत्र संख्या– बु0वि0 / शोध / 2021 / 2204–2231 दिनांक 04.01.2021 एवं पत्र संख्या– बु0वि0 / शोध / 2021 / 2294–2317 दिनांक 01.02.2021) का भी परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। परिषद् को अवगत कराया गया कि दीक्षांत समारोह का कार्यकम प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक विश्वविद्यालय के गॉधी सभागार में आयोजित होगा।

परिषद् द्वारा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन होने के लिये अग्रिम शुभकामनायें दी गई।

**(ii). विद्या परिषद् की आकस्मिक ऑन लाईन बैठक दिनांक 28.01.2021 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

*विद्या परिषद् की आकस्मिक ऑन लाईन बैठक दिनांक 28.01.2021 में प्रस्तुत बिन्दुओं को परिषद द्वारा निम्नवत अनुमोदन किया गया।*

ऑनलाइन बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय कुलपति जी ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। सभी माननीय सदस्य ऑनलाईन उपस्थित रहें, तदोपरान्त बैठक प्रारम्भ हुई।

**बिन्दु संख्या–1. 05 फरवरी 2021 को आयोजित दीक्षान्त समारोह में वितरित होने वाले पदकों की सूची के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद ने सम्यक् विचारोपरान्त 05 फरवरी 2021 को आयोजित दीक्षान्त समारोह में वितरित होने वाले पदकों की सूची का अनुमोदन किया। चूंकि एम0एड0 में परीक्षा परिणाम सैद्वान्तिक एवंम् प्रायोगिक दोनो को सम्मिलित कर घोषित किया जाता है, इसलिए एम0एड0 में इस वर्ष से सैद्वान्तिक एवंम् प्रायोगिक अंकों को जोड़कर प्राप्तांक 1200 में से प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट निर्धारित की गई। (संलग्नक–01)

**बिन्दु संख्या–2. माननीय प्रो0 सुरेन्द्र दुबे, कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर उ0प्र0 द्वारा अपने माता–पिता की स्मृति में एक स्वर्ण पदक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झॉसी में स्नातकोत्तर (हिन्दी) में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता को ''स्व0 वसुमती –रामजी दुबे स्मृति स्वर्ण पदक'' दिये जाने के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–विद्यापरिषद ने सम्यक् विचारोपरान्त माननीय प्रो0 सुरेन्द्र दुबे, कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर उ0प्र0 द्वारा अपने माता–पिता की स्मृति में एक स्वर्ण पदक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी में स्नातकोत्तर (हिन्दी) में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता को ''स्व0 वसुमती–रामजी दुबे स्मृति स्वर्ण पदक'' दिये जाने का अनुमोदन किया। (संलग्नक–02)

**बिन्दु संख्या–3. बी0टेक0 फूड इन्जी0 एण्ड टेक0 विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 16 / 12 / 2020 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णयः– विद्या परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त बी0टेक0 फूड इन्जी0 एण्ड टेक0 विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 16 / 12 / 2020 की कार्यवाही का अनुमोदन निम्न संशोधनों के साथ किया :–

बी. टेक. फूड इंजी. एण्ड टेक्नोलोजी में द्वितीय वर्ष में लेटरल इण्ट्री के माध्यम से बी0एस0सी0, डिप्लोमा होल्डर्स तथा D.Voc/B.Voc के विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु अर्ह माना गया। साथ ही ए0आई0सी0टी0ई0 की गाइड लाइन के अनुसार प्रथम वर्ष की रिक्त सीटों के साथ–साथ कुल

अनुमन्य प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत सीटों (Supernumerary) पर भी द्वितीय वर्ष में प्रवेश की व्यवस्था की गई। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

**<u>Intake criteria for admission to second year through lateral entry scheme:</u>**

**Lateral entry to the second year of the B. Tech. (Food Engg. & Technology) programme shall be permissible up to a maximum of 10% of the "Approved Intake" which shall be over and above, supernumerary to the "Approved Intake" plus the unfilled vacancies of the first year.**

Eligibility criteria for admission to second year through lateral entry scheme:

**(A) Candidates who have passed 3/4 year Diploma with at least 50% marks (45% in case of candidates belonging to SC/ST category) in any branch of Engineering/Technology.**

**(B) Candidates who have passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 50% marks (45% in case of candidates belonging to SC/ST category), and passed 10+2 or B. Sc. examination with mathematics as a subject.**
**(C) Provided that the students belonging to B.Sc. Stream, shall clear the subjects Engineering Graphics/ Engineering Drawing and Engineering Mechanics of the First Year Engineering Programme along with the Second year subjects.**

**(D) Provided that the students belonging to B.Sc. Stream shall be considered only after filling the supernumerary seats in this category with students belonging to the Diploma stream.**

**(E) Passed D. Voc./B. Voc. Stream in the same or allied sector with percentage of marks as given in (A) & (B) above.** (संलग्नक–03)

**बिन्दु संख्या–4. बी0ए0ऑनर्स हिन्दी विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 26/11/2020 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद ने सम्यक् विचारोपरान्त बी0ए0ऑनर्स पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 26/11/2020 की कार्यवाही का अनुमोदन किया। जिसमें प्राचीन इतिहास के स्थान पर इतिहास पाठ्यक्रम कर दिया गया है। इतिहास पाठ्यक्रम का पठन–पाठन सत्र 2020–21 से किया जा रहा है। (संलग्नक–04)

**बिन्दु संख्या– 5. बी0टैक (मैकिनिकल इंजी0) की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 18/12/2020 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–विद्यापरिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त बी0टैक (मैकिनिकल इंजी0) की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 18/12/2020 की कार्यवाही का अनुमोदन किया, जिसमें विभाग के इलैक्टीव विषयों I, II, III, IV में किये गये कुछ परिवर्तनो तथा सत्र 2017–18 में कुल क्रेडिट की संख्या 200 है, साथ ही प्रत्येक सेमेस्टर के कुल अंक 1000 तथा बी0टेक कोर्स के कुल अंक 8000 है, जिसमें जी0पी0 के 50 अंक शामिल है।

सत्र 2017–18 में जी0पी0 (जनरल प्रोफिशिएन्सी) को क्रेडिट लेस करने का निर्णय लिया गया था, परन्तु सत्र 2017–18 में प्रवेशित छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित होते समय कुछ तकनीकी समस्या होने के कारण जी0पी0 को 1 क्रेडिट देना पड़ा, जिससे बी0टेक0 कोर्स के कुल क्रडिटों की संख्या 200 से ज्यादा हो गई। अतः जी0पी0 को 1 क्रडिट देते हुए कुछ प्रयोगात्मक विषयों के केडिट्स कम करते हुए बी0टेक0 कोर्स के कुल क्रेडिटों की संख्या 200 कर दी गई। साथ ही सत्र 2018 – 2019 में ए0आई0सी0टी0ई0 की गाइडलाइन के अनुसार बी0टेक के सभी पाठ्यक्रमों के कुल केडिट्स 160 करने के लिये विभिन्न सेमिस्टरों में केडिट्स के निम्नलिखित विवरण के अनुसार समायोजन करने हेतु अनुमोदन किया गया।

ए0आई0सी0टी0ई0 की गाइडलाइन के अनुसार कुल केडिट्स 160 करने के लिये विभिन्न सेमिस्टरों में समायोजन हेतु सत्र 2018–19 से अब तक तथा कोर्स स्ट्रक्चर में परिवर्तन की तिथि तक कुल क्रेडिटों की संख्या 160 की गई। इसमें बी0टेक0 प्रथम सेमेस्टर 975 अंक तथा द्वितीय सेमेस्टर 1025 अंक का करना पड़ा जिससे एक वर्ष के कुल अंक 2000 अपरिवर्तित रहें जिसमें जी0पी0 क्रेडिट लेस किया गया और जी0पी0 के अंक भी कुल अंकों में नहीं जोडे गये। कोर्स के कुल अंक 8000 है जिसमें जी0पी0 के 50 अंक सम्मिलित नहीं है। बी0टेक0 कोर्स स्ट्रक्चर में जी0पी के अंकों को अलग रखकर पाठ्यक्रमों के कुल अंक 8000 किये गये क्योंकि जी0पी0 क्रेडिट लेस है। जी0पी0 50 अंकों का रखा गया है जिसमें विद्यार्थी को पास होना आवश्यक है, परन्तु इसके अंक बी0टेक0 कोर्स के कुल अंकों में नहीं सम्मिलित किये गये है। **(संलग्नक –1 मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पाठ्यकम समिति की दिनांक 18/12/2020 की कार्यवाही)** (संलग्नक–05)

**बिन्दु संख्या–6. बायोमेडिकल साइंस विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 23/01/2021 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त बायोमेडिकल साइंस विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 23/01/2021 की कार्यवाही का अनुमोदन किया एवं सत्र 2021–22 से B.Sc. Medical Laboratory Technology (B.Sc. MLT) पाठ्यक्रम संचालित किया जायेगा। (संलग्नक–06)

**बिन्दु संख्या–7. बी0पी0टी0 विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 16/01/2021 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त बी0पी0टी0 विभाग की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 16/01/2021 की कार्यवाही के अनुमोदन किया। अध्यादेश में बी0पी0टी0 पाठ्यक्रम में सत्र 2020–21 से प्रवेश हेतु 30 सीटों के स्थान पर 40 सीटों पर प्रवेश लेने का अनुमोदन किया। (संलग्नक–07)

**बिन्दु संख्या–8. बैकिंग अर्थशास्त्र एवं वित्त विभाग के पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 27/11/2020 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त बैकिंग अर्थशास्त्र एवं वित्त विभाग के पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 27/11/2020 की कार्यवाही के अनुमोदन किया साथ ही Master of Applied Economics (MAE) पाठ्यक्रम का नाम सत्र 2020–21 से Master of Arts (Applied Economics) परिवर्तित कर दिया गया एवं एम0कॉम0 फाइनेन्स पाठ्यक्रम में 05 पेपरों के स्थान पर 06 पेपर समावेसित किये गये जिसका पठन–पाठन सत्र 2021–2022 से किया जायेगा। (संलग्नक–08)

**बिन्दु संख्या–9. गृहविज्ञान विभाग पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 09/10/2021 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :–समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त गृहविज्ञान विभाग पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 09/10/2021 की कार्यवाही का अनुमोदन किया एवं M.Sc.(Food and Nutrition) and M.Sc. (Human Development nad Family Studies) का अध्यादेश एवं पाठ्यक्रम सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत तैयार कर अनुमोदन किया गया तथा M.Sc.(Food and Nutrition) पाठ्यक्रम में प्रवेश अर्हता हेतु B.Sc.(Home Sc./B.H.Sc./B.Sc.Food Sc. And Technolohy/B.Sc. Food and Nutriion/ B.Sc.Food and Ditatics/ B.Sc.Bio स्नातक उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को समिति द्वारा पूर्व में सत्र 2017–18 से लागू कर दिया गया था लेकिन टंकण त्रुटि के कारण B.Sc.Bio छूट गया था । उक्त पाठ्यक्रम में B.Sc. Bic से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रवेश हेतु अर्ह स्वीकार किया। (संलग्नक–09)

## अन्य मद अध्यक्ष की अनुमति से

बिन्दु संख्या–1. डीन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी द्वारा प्रस्तुत मैकेनिकल इंजीनियरिंग के समान अन्य सभी छः ब्रांचो में सत्र 2017 – 2018 तथा सत्र 2018 – 2019 में केडिट्स की समान व्यवस्था लागू करने तथा उनके समायोजन करने हेतु प्रत्यावेदन निम्नवत है:–

सत्र 2017 – 2018 में बी0टेक0 के विभिन्न पाठ्यकमों के कुल केडिट्स 200 करने हेतु विभिन्न सेमेस्टरों के केडिट्स के समायोजन करने हेतु अनुमोदन पर विचार, साथ ही सत्र 2018 – 2019 से ए0आई0सी0टी0ई0 की गाइडलाइन के अनुसार बी0टेक के सभी पाठ्यक्रमों के कुल केडिट्स 160 करने के लिये विभिन्न सेमिस्टरों में केडिट्स के समायोजन करने हेतु अनुमोदन पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त बिन्दु संख्या 5 पर लिये गये निर्णय को बी0टेक0 के अन्य विभिन्न छः पाठ्यकमों पर भी लागू करने का अनुमोदन किया ।

(ब) बी0टेक0 तीन ब्रान्चों (बी0टेक0 फूड इंजी0 एण्ड टेक्नोलोजी, इलैक्ट्रानिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेण्टेशन इंजी0, बायोमेडिकल इंजी0) के द्वितीय वर्ष में लैटेरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश के प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णयः– समिति ने सम्यक् विचारोपरान्त** बी0टेक0 तीन ब्रान्चों (बी0टेक0 फूड इंजी0 एण्ड टेक्नोलोजी, इलैक्ट्रानिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेण्टेशन इंजी0, बायोमेडिकल इंजी0) में बी0एस0सी0, डिप्लोमा होल्डर्स या D.Voc/B.Voc के विद्यार्थियों को बी0टेक0 द्वितीय वर्ष में लेटरल इण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु अर्ह माना। साथ ही ए0आई0सी0टी0ई0 की गाइड लाइन के अनुसार इन ब्रान्चों में प्रथम वर्ष रिक्त सीटों के साथ–साथ कुल अनुमन्य प्रवेश क्षमता का 10 प्रतिशत सीटों (Supernumerary) पर भी द्वितीय वर्ष में प्रवेश की व्यवस्था की गई। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

**Intake criteria for admission to second year through lateral entry scheme:**

**Lateral entry to the second year of the B. Tech. (Food Engg. & Technology), B.Tech (Biomedical Egg.) and B.tech. (Electronics & Instrumentation Engg.) programmes shall be permissible up to a maximum of 10% of the "Approved Intake" which shall be over and above, supernumerary to the "Approved Intake" plus the unfilled vacancies of the first year.**

Eligibility criteria for admission to second year through lateral entry scheme:

**(A) Candidates who have passed 3/4 year Diploma with at least 50% marks (45% in case of candidates belonging to reserved category) in any branch of Engineering/Technology.**

**(B) Candidates who have passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 50% marks (45% in case of candidates belonging to reserved category), and, passed 10+2 examination with mathematics as a subject [for B. Tech. ('Biomedical Engg.' & 'Electronics & Instrumentation Engg.')],passed 10+2/B. Sc. examination with mathematics as a subject[for B. Tech. ('FoodEngg.& Technology)].**

**(C) Provided that the students belonging to B.Sc. Stream, shall clear the subjects Engineering Graphics/ Engineering Drawing and Engineering Mechanics of the First Year Engineering Programme along with the Second year subjects.**

**(D) Provided that the students belonging to B.Sc. Stream shall be considered only after filling the supernumerary seats in this category with students belonging to the Diploma stream.**

**(E) Passed D. Voc./B. Voc. Stream in the same or allied sector.**

(iii). **अभियांत्रिकी संकाय में सेवानिवृत्त आचार्यो की नियुक्ति हेतु चयन समिति द्वारा की गई संस्तुतियों के बन्द लिफाफे परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।**

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में संचालित इंजीनियरिंग संस्थान में नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए परिषद की पूर्व बैठक दिनांक 10.11.2020 की कार्यवाही में स्वीकृत शैक्षणिक पदों के आलोक में संस्थान में संचालित विभिन्न शाखाओं में आचार्य पद पर सेवानिवृत्त शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय के बेबसाइट www.bujhansi.ac.in पर दिनांक 06 जनवरी 2021 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया। जिसकी अन्तिम तिथि 19.01.2021 थी। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों के दिनांक 22.01.2020 को सायं 4:00 बजे कुलपति कमेटी कक्ष में ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार आयोजित किये गये। चयन समिति ने ऑनलाइन उपस्थित हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार के उपरान्त चयन समिति की संस्तुंतियों का बन्द लिफाफा परिषद् के समक्ष खोला गया, जिसमें समिति द्वारा इंजीनियरिंग संस्थान कि विभिन्न शाखाओं हेतु सेवानिवृत्त आचार्यो की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत संस्तुतियाँ की गईं।

1. प्रो. आशीष कुमार मुखोपाध्याय –इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग
2. प्रो. एस. के. श्रीवास्तव –बायोटेक इंजीनियरिंग विभाग
3. प्रो. घनश्याम श्रीवास्तव –मकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग

परिषद् द्वारा सर्व सम्मति से समिति द्वारा की गई उपर्युक्त संस्तुतियों का अनुमोदन प्रदान करते हुए कमांक 1, 2 पर अंकित सेवानिवृत्त आचार्यो का निश्चित मानदेय एक–एक लाख रूपये एवं कमांक 3 पर अंकित आचार्य को निश्चित मानदेय रू0 85,000 /– दिये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

अन्त में सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।

2.2.21

(नारायण प्रसाद)
कुलसचिव

2/2/21

(प्रो. जे. वी. वैशम्पायन)
कुलपति